Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 55 | शुक्रवार, 27 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## तीन लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंची

# पीएम मोदी अजमेर से करेंगे एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजस्थान के अजमेर में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन का शुभारंभ करेंगे। एचपीवी वैक्सीन को सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ एक बड़ा सुरक्षा कवच माना जाता है। भारत में प्रतिवर्ष सर्वाइकल कैंसर के लगभग डेढ़ लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75 हजार महिलाओं की मृत्यु होती है, जो वैश्विक मौतों का लगभग एक तिहाई है। हालांकि, कीमत अधिक होने के कारण यह वैक्सीन आम लोगों की पहुंच से दूर है। अब इस वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में शामिल किया जाएगा। अभियान की शुरूआत के लिए एचपीवी वैक्सीन की तीन लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंच चुकी है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह वैक्सीन उन सभी लड़कियों को लगाई जाएगी, जिनकी उम्र 14 से 15 वर्ष के बीच है। शुरूआत में यह वैक्सीन उन अस्पतालों में उपलब्ध होगी, जहां आपातकालीन सुविधाएं 24 घंटे जारी रहती है। राजस्थान के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि पहले चरण में राज्य के सभी जिलों में दस-दस लड़कियों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

इसके बाद वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। पीएम मोदी अजमेर में जनसभा को संबोधित करने के साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इमाम का तीखा प्रहार



**कोलकाता।** कोलकाता की शोलआना मस्जिद के इमाम अब्दुल हामिद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बिना किसी का नाम लिए तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में कराए जा रहे बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर निशाना साधा।

कोलकाता नगर निगम द्वारा पार्क सर्कस मैदान में आयोजित सालाना इफ्तार पार्टी के दौरान इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुर्शिदाबाद में मस्जिद बनाकर मुसलमानों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। यह सही नहीं है। मैं इसका विरोध करता हूं। कि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कोई इमाम शामिल नहीं है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने बाबरी शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया। हालांकि उनके बयान से साफ है कि इमाम का निशाना मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे निलंबित तृणमूल विधायक व नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर की ओर था।

## इजरायल के साथ मजबूती से खड़ा भारत



**यरुशलम।** हिब्रू विश्वविद्यालय ने इजरायली संसद नेसेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के दौरान "साहसी" शब्दों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि इससे राजनयिक उपलब्धियों को शैक्षणिक सहयोग में बदला जा सकता है। इजरायली विश्वविद्यालय ने गुरुवार को कहा-भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नेसेट के मंच से आपके द्वारा व्यक्त किए गए हार्दिक और साहसी शब्दों के लिए धन्यवाद। बताते चलें, आतंकवाद के खिलाफ भारत की "जीरो टालरेंस" नीति को दोहराते हुए मोदी ने इजरायली सांसदों की तालियों के बीच कहा था कि हम आपके दर्द को समझते हैं। हम आपके दुख में आपके साथ हैं। भारत इस समय और भविष्य में भी पूरी दृढ़ता से इजरायल के साथ खड़ा है।

## आईपीएस बी सुमति की रणनीति ने पाई सफलता



**हैदराबाद।** तेलंगाना में कई कुख्यात माओवादियों को सरेंडर कराने में आइपीएस अधिकारी बी सुमति ने अहम भूमिका निभाई। शीर्ष माओवादी कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी और अन्य माओवादियों ने मंगलवार को हथियार डाल दिए।

तेलंगाना पुलिस की विशेष खुफिया शाखा (एसआइबी) की प्रमुख के रूप में सुमति ने माओवादियों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए लंबी बातचीत की देखरेख की। देवूजी ने एक अन्य सदस्य मल्ला राजी रेड्डी और दो अन्य वरिष्ठ माओवादी कार्यकताओं के साथ मंगलवार को डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के दौरान रेड्डी ने सुमति और उनकी टीम का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ₹विशेष खुफिया शाखा की आइजी सुमति और एसआइबी टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के कारण ही देवूजी और अन्य माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। टीम ने उन्हें मौजूदा परिस्थितियों को समझने और मुख्यधारा में शामिल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।₹ उन्होंने आइजीपी इंटेलिजेंस विजय कुमार के प्रयासों की भी सराहना की।

## गडकरी का बड़ा एलान

# 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लाने की तैयारी



**नई दिल्ली।** सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है। राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है।

## अफगानिस्तान का पलटवार

# पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान ने खोला मोर्चा, सीमा पर भारी गोलाबारी



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के साथ साझा सीमा (दुरानी लाइन) पर बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैन्य प्रवक्ता वाहिदुल्लाह मोहम्मदी ने एक वीडियो संदेश में पुष्टि की कि नांगरहार और पक्तिया प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में पूर्वी क्षेत्र की सीमा बलों ने पाकिस्तानी चौकियों पर ₹भारी हमले₹ शुरू कर दिए हैं। तालिबान के राष्ट्रीय प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तानी सैन्य उकसावे और उल्लंघनों के जवाब में दुरानी लाइन के साथ पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और इंस्टॉलेशनों पर बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू किए गए हैं। यह वृद्धि पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए घातक हवाई हमलों के बाद हुआ है। 22 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के नांगरहार और पक्तिका प्रांतों में खुफिया जानकारी आधारित चुनिंदा अभियानों में टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) और इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत (करड्ढ) से जुड़े कथित 7 शिविरों और ठिकानों पर हमला किया था। पाकिस्तान ने दावा किया कि इन हमलों में कम से कम 70-80 आतंकवादी मारे गए। हालांकि, अफगान तालिबान ने इन हमलों को नागरिक क्षेत्रों पर हमला बताते हुए खारिज किया और कहा कि महिलाओं, बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक मारे गए।


# ममता बनर्जी के 'सीधे मुख्यमंत्री' अभियान का इंस्टाग्राम पेज हुआ हैक



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान 'सरासरी मुख्यमंत्री' (सीधे मुख्यमंत्री) अभियान का आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज हैक हो गया है। नागरिकों की शिकायतों को सीधे सुनने के लिए शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफार्म पर हुए इस साइबर हमले ने राज्य प्रशासन के शीर्ष गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवान्न (राज्य सचिवालय) ने सख्त रुख अपनाया है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हैकिंग की जानकारी मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए और अकाउंट का पासवर्ड बदला गया। भविष्य की जांच और साक्ष्य के तौर पर साइबर विशेषज्ञों ने अकाउंट के लॉग डिटेल्स, टाइम स्टैम्प और स्क्रीनशाट्स को सुरक्षित रख लिया है। कहना है कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण पहल को बाधित करने का प्रयास है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर आइपी एड्रेस ट्रैकिंग और अकाउंट गतिविधि का विश्लेषण शुरू कर दिया है। नवान्न ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा।

**साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज**

## 155 साल का इंतजार खत्म कोलकाता बंदरगाह ने पहली बार रात में जहाज चलाकर रचा इतिहास



**कोलकाता।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदगाह प्रबंधन (एसएमपीए), कोलकाता ने गुरुवार को कहा कि उसने अपने 155 साल के इतिहास में पहली बार हुगली नदी की ऊपरी धारा में रात्रि के समय में सफलतापूर्वक पोत संचालन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अधिकारियों के अनुसार, इससे भविष्य में चौबीसों घंटे मालवाहक जहाजों की आवाजाही का रास्ता साफ होने के साथ आने-जाने का समय कम होने और बंदरगाह की समग्र उत्पादकता में सुधार होने की उम्मीद है। ऊपरी धारा से तात्पर्य नदी के उस ऊपरी हिस्से से है जो अंतर्देशीय बंदरगाह के निकट होता है, और इस मामले में, यह डायमंड हार्बर और कोलकाता के बीच स्थित हुगली नदी का खंड है। कोलकाता बंदरगाह ने एक बयान में कहा कि उसके अनुभवी पायलटों ने 25 फरवरी की रात को अंधेरे में कोलकाता डाक सिस्टम (केडीएस) के संकरे चैनल से कंटेनर पोत सिनार पंगलाम सुसु को उसकी आंतरिक यात्रा के दौरान सुरक्षित रूप से संचालित किया।

# शरद पवार और उद्धव की मदद करके भी ठनठन गोपाल रहेगी कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में होने वाले राज्यसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए महाराष्ट्र के दो दिग्गज नेताओं को कांग्रेस के सहारे की जरूरत पड़ेगी। लेकिन इन दोनों की मदद करने के बावजूद स्वयं कांग्रेस के हाथ कुछ नहीं आएगा। महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के चुनाव 16 मार्च को होने जा रहे हैं। इसमें से सिर्फ एक सीट विपक्षी गठबंधन के खाते में आनी है और उसके लिए 'एक अनार तीन बीमार' की स्थिति दिखाई दे रही है। विपक्ष के हिस्से में आने वाली इस एक सीट के लिए इन दिनों प्रमुखता से राकांपा (शरदचंद्र पवार) का नाम चलाया जा रहा है। उनकी पुत्री एवं लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले उन्हें पुनः राज्यसभा भेजने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात कर रही हैं। शिवसेना (यूबीटी) से भी उनकी बात चल रही है। शिवसेना (यूबीटी) के साथ उनका सौदा इसी वर्ष मई में होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में उसके मुखिया उद्धव ठाकरे को पुनः राज्य के उच्च सदन में भेजने को लेकर हो सकता है। विधान सभा में शिवसेना (यूबीटी) के पास 20 और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पास 10 सदस्य हैं। वहां एक सीट जीतने के लिए 28 से 29 सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। उतनी सीटें यूबीटी और राकांपा (शरदचंद्र पवार) को मिलाकर हो जाएंगी। लेकिन ये दोनों दल मिलकर भी विधान परिषद की एक सीट के लिए कांग्रेस की कोई मदद नहीं कर पाएंगे। न ही कांग्रेस अपने दम पर एक सीट जिताने में सक्षम होगी, क्योंकि विधानसभा में उसकी सदस्य संख्या सिर्फ 16 है।

**इस दिन होंगे महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के चुनाव**



## संपादक की कलम से

# आयरन डोम की दोस्ती


ललित शर्मा
संपादक

म प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही इजरायल की संसद को संबोधित किया, वह प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन 18 देशों की संसद को संबोधित करने वाले वह एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। यह किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। प्रधानमंत्री के जरिए भारत का सम्मान और कीर्तिमान सामने आया है। भारत विश्व की एक महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गए, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजरायल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, मेघालय राज्य के लगभग बराबर, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती, पानी प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजरायल भी भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को हैरोन ड्रोन देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उड? में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का मास्टर देश है। वह नवाचार का भी पॉवरहाउस है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी के करीब है। खुफियागीरी में मोसाद के कारनामे अद्वितीय हैं। राजधानी दिल्ली से आधे से भी छोटा देश और भारत का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा-सहयोगी और रणनीतिकार देश..! सबसे अधिक 36 फीसदी रक्षा उत्पाद और हथियार आदि रूस और 33 फीसदी फ्रांस हमें सप्लाई करते हैं, लेकिन 13 फीसदी का योगदान इजरायल का भी है। आयरन डोम ऐसा सिस्टम है, जो इजरायल ने सिर्फ अमरीका को ही दिया है और अब भारत को मुहैया करा सकता है। दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापार समझौतों की घोषणा में स्पष्ट हो जाएगा कि इजरायल हमें किन आधारों पर आयरन डोम देगा। वाकई यह भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और भाईचारे का नया अध्याय है। दोनों देशों के संबंध 2000 साल पुराने हैं। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा है कि दोनों प्राचीन सभ्यताओं वाले देश हैं। भारत यहूदियों का अपना घर है। भारत के प्रमुख शहरों में यहूदी बसे हुए हैं। प्रताडा या शोषण अथवा हिंसा का कोई भी प्रमुख मामला सामने नहीं है। बल्कि भारत में इजरायल के सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और भारत सरकार भी उनकी मदद कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को आतंकवाद से पीड़ित माना और मुंबई के 26/11 आतंकी हमले और इजरायल में 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के नरसंहार को एकसमान करार दिया। हमास नरसंहार की निंदा की। प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद के मंच से कहा कि नागरिकों की हत्या किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं है। बहरहाल भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और साझेदारी परवान चढ़ रही है।

## आतंकवाद का घिनौना रूप

मोनिका डागा

कविता



कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हो ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।


कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

काप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
*आनंद नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता




पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है-बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना-यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना ही पड़ेगा।

लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं? भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है।

विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहाँ की पढ़ाई बेहतर है या वहाँ अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं, और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है। लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है। आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। शिक्षा ऋण, कर्ज और आर्थिक बोझ के बावजूद यह निर्णय केवल इसलिए लिया जाता है क्योंकि समाज में इसे प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं-खूबसूरत शहर, शानदार जीवनशैली, घूमना-फिरना, नए अनुभव। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। विदेश में जीवन आसान नहीं होता। वहाँ भी कठिन परिश्रम करना पड़ता है, अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और कई बार ऐसे काम भी करने पड़ते हैं जिनकी कल्पना भारत में रहते हुए नहीं की जाती। लेकिन यह सच्चाई अक्सर तस्वीरों और वीडियो के पीछे छिप जाती है। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं। लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। आज का युवा पहले से अधिक जागरूक, शिक्षित और तकनीक से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डिजिटल युग में अवसरों की सीमाएँ पहले जैसी नहीं रहीं। आज भारत में बैठकर भी दुनिया के साथ काम किया जा सकता है।


प्रियंका सौरभ

जरूरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों को सक्षम बनाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए, उनमें कौशल विकसित करे और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दे। अगर युवा योग्य होंगे तो उन्हें अवसर कहीं भी मिल सकते हैं-भारत में भी और विदेश में भी। लेकिन यदि केवल स्थान बदलने से सफलता की उम्मीद की जाएगी, तो यह सोच लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी। समाज को भी अपनी सोच पर विचार करने की आवश्यकता है। विदेश जाना न तो असंभव उपलब्धि है और न ही सफलता का एकमात्र रास्ता। उसी तरह भारत में रहना असफलता नहीं है। हमारे देश ने हर क्षेत्र में प्रतिभाएँ दी हैं-विज्ञान, साहित्य, खेल, राजनीति, उद्योग और तकनीक में। दुनिया के कई बड़े मंचों पर भारतीय अपनी पहचान बना चुके हैं। यह सब यहीं से शुरू हुआ है।

एक और चिंता का विषय प्रतिभा का देश से बाहर जाना भी है। कई वर्षों तक ह्लब्रेन ड्रेनह्व की चर्चा होती रही है। हालांकि अब स्थिति बदल रही है और कई लोग विदेश से अनुभव लेकर वापस भी लौट रहे हैं। फिर भी यह जरूरी है कि देश का युवा अपने देश की संभावनाओं पर विश्वास बनाए रखे। अगर योग्य लोग ही देश से दूर चले जाएंगे, तो विकास की गति भी प्रभावित हो सकती है। माता-पिता, शिक्षक और समाज-तीनों की भूमिका यहाँ महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। असली पहचान मेहनत, ज्ञान और चरित्र से बनती है। विदेश जाना यदि शिक्षा और अनुभव के लिए है तो यह अच्छी बात है, लेकिन केवल दिखावे या सामाजिक दबाव के कारण लिया गया निर्णय कई बार भारी पड़ सकता है। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहाँ चुनौतियाँ भी हैं और अवसर भी। फर्क केवल दृष्टिकोण का है। अगर हम अपने बच्चों को योग्य, आत्मविश्वासी और मेहनती बनाएँगे, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता-चाहे वे भारत में रहें या विदेश जाएँ। लेकिन यदि हम केवल भीड़ का हिस्सा बनकर निर्णय लेते रहेंगे, तो शायद हम अपने ही आत्मविश्वास को कमजोर करते रहेंगे। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए-योग्यता, आत्मनिर्भरता और सार्थक जीवन। जब यह सोच समाज में मजबूत होगी, तब शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी।

# शिक्षा में न्यायपालिकाः संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिकाह्व शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि ह्लकिसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगाह्व केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को ह्लन्यायपालिका में भ्रष्टाचारह्व के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।


ललित गर्ग

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप।

न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में ह्लसंस्थागत अध्ययनह्व का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी।

अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है।

# एमआईईटी के दीक्षांत समारोह में 1108 छात्र छात्राओं को डिग्रियां प्रदान तनु त्यागी को गोल्ड मेडल

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** एमआईईटी में गुरुवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से संबद्ध पाठ्यक्रमों के कुल 1108 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। उद्घाटन एकेटीयू कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे,संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल,डीन डॉ संजीव सिंह और रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। खालसा इंटर कॉलेज, मेरठ थापर नगर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत बैंकपाइप बैंड की प्रस्तुति ने समारोह की शुरूआत की। कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में बीटेक के 718, बी.फार्मा के 68, एम.बी.ए के 176, एम.सी.ए के 113, एम.टेक के 12 तथा एम.फार्मा के 21 विद्यार्थियों सहित कुल 1108 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की। कुलपति डॉ जे.पी. पांडे ने एमटेक (सीएसई) में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तनु त्यागी को गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रज्ञा जैन को सिल्वर मेडल प्रदान किया। इसके अतिरिक्त बीटेक कंप्यूटर साइंस की तन्वी बंसल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दीपक शर्मा, एमबीए की मनीका कंसल, बायोटेक्नोलॉजी की प्रशस्ति एवं विक्षिका तथा एमसीए की नंदनी अग्रवाल को विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने पर रैंक मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दीक्षांत एवं मनोहर को टेक्नोलॉजी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप, मोहित को सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप तथा सार्थक सिसोदिया को एक्सेसिबिलिटी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप अवार्ड प्रदान किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने छात्रों से आत्मविकास, निर्णय क्षमता और तकनीकी दक्षता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया। उन्होंने उन्होंने रामचरितमानस के प्रथम श्लोक में गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन किया और कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब तीसरे चरण में प्रवेश कर चुका है जहां वह स्वयं को स्वतः अपडेट करने में सक्षम है। यदि हमने समय रहते इस तकनीक को नहीं अपनाया, तो यह भविष्य में मानव भूमिकाओं की जगह लेने की क्षमता रखता है। कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी तथा सेंटर फॉर ड्रोन टेक्नोलॉजी का भी उद्घाटन किया। दीक्षांत समारोह के उपरांत उद्योग-शैक्षणिक संवाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें उद्योग जगत की चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, मेरठ मैनेजमेंट एसोसिएशन सहित मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स स्पोर्ट्स गुड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेवी व्हीकल तथा बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के निदेशक डॉ अनिल कुमार सोलंकी,मेरठ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ केएलए खान, प्राचार्य डॉ हिमांशु शर्मा मौजूद रहे।

# गोवर्धन में शादी समारोह की आड़ में हुड़दंग मचाने वाले वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई, लग्जरी कार जब्त

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने शादी समारोह के नाम पर क्षेत्र में हुड़दंग मचाने और अवैध हथियार लहराने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, ग्राम देवसेरस में 10 दिसंबर को आयोजित एक शादी समारोह के दौरान राजस्थान से आई कई महंगी गाड़ियों में सवार युवकों द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाते हुए, सायरन, लाल-नीली बत्ती, वाहनों को लहराते हुए और छतों पर चढ़कर अवैध असलहे व पिस्टल लहराते हुए क्षेत्र में दहशत फैलाने का मामला सामने आया था। इस दौरान पटाखे छोड़कर डर का माहौल बनाया गया, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।मामले की जांच के बाद थाना गोवर्धन में 16 दिसंबर को करीब 20 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में 17 फरवरी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लैंड रोवर डिफेंडर को बरामद कर जब्त कर लिया था। पुलिस द्वारा अन्य वाहनों की भी पहचान की जा रही है तथा शेष आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक शांति भंग करने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देश सेवा का सशक्त माध्यम है राष्ट्रीय सेवा योजना का मंच : भारत उपाध्याय




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिन नशा मुक्ति विषय पर गगन भेदी नारों के साथ एक जन जागृति रैली ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज से जनरल गंज होते हुए स्वामी घाट तक निकाली गई। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय गोवर्धन के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर भारत उपाध्याय ने सभी स्वयं सेवकों को बताया कि देश सेवा का सशक्त माध्यम है राष्ट्रीय सेवा योजना का मंच। सभी स्वयंसेवक छोटे-छोटे प्रकल्पों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करें। और सुधार की शुरूआत स्वयं से करें। वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक देश को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। सायं सत्र में सभी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, लक्ष्य गीत, भजन, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय एकता नाटक प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथियों में डॉ अजय उपाध्याय एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल के निर्देशन में चल रहा है। सहयोग प्रवेश कुमार शर्मा का रहा।

# जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा नदियों के संरक्षण और स्वच्छता पर जन जागरूकता अभियानर्‌ के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशानुसार जिला गंगा समिति मेरठ के तत्वाधान में विद्यालयों में र्‌नदियों के संरक्षण और स्वच्छता पर जन जागरूकता अभियानर्‌ के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति मेरठ के द्वारा गंगा व अन्य नदियों के संरक्षण और स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन . ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ता ने विद्यार्थियों को गंगा व अन्य नदियों की स्वच्छता व संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आगे भी ऐसे आयोजनों में प्रतिभाग करने को प्रेरित किया तथा नमामि गंगे के अंतर्गत आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम के महत्व तथा मां गंगा का जीवन में क्या महत्व है इसके बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने बच्चों से मां गंगा के संबंध में प्रश्न भी पूछे और उन्हें बताया कि किस तरीके से हो गंगा एवं उनकी सहायक नदियों की रक्षा कर सकते हैं। विद्यार्थियों ने बहुत ध्यान से संवाद के माध्यम से प्रश्न उत्तर भी किया जिस पर सही उत्तर देने पर विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। स्कूल के सहयोग के लिए प्रधानाचार्य सुमति सिंह व समस्त स्टाफ का आभार प्रकट करते हुए मां गंगा का चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम की सहयोगी सामाजिक संस्था यथार्थ के सारथी की अध्यक्ष जूही त्यागी ने सभी सम्मानित अतिथियों , प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ का आभार प्रकट कर विद्यार्थियों को इसी तरह जिला गंगा समिति के कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मौ.आबिद का विशेष योगदान रहा।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ एफआईआर राजनीतिक रूप से प्रेरित - गोल्डी भैया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा। गोवर्धन** विधानसभा 83 के उम्मीदवार महेश शर्मा उर्फ गोल्डी भैया ने ज्योतिषपीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में स्पष्ट और दृढ़ मत व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ एफआईआर राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रतीत होती है और इसका उद्देश्य एक प्रमुख हिंदू संत की छवि को धूमिल करना है। उन्होंने कहा कि माघ मेला के दौरान शंकराचार्य जी को स्नान से रोका जाना निंदनीय कृत्य है और यह संत समाज की गरिमा के विरुद्ध है।

एक सुनियोजित रणनीति के तहत आशुतोष पांडे को आगे कर शंकराचार्य जी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। उन्होंने दावा किया कि संबंधित व्यक्ति पूर्व में भी विभिन्न विवादों में रहा है और उस पर संगठन के नाम पर लोगों को गुमराह करने के आरोप लगते रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2019 में शामली में तैनात तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न मामलों में कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि स्वयं शंकराचार्य जी ने कथित सीडी को सार्वजनिक करने की मांग की है। जब वे स्वयं पारदर्शिता चाहते हैं तो किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार की राजनीति समाप्त होनी चाहिए।यदि कोई आरोप है तो उसे सार्वजनिक कर निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि समाज में फैला भ्रम दूर हो सके।

# बिहारी जी मन्दिर प्रांगण में अधिकृत मीडिया को प्रवेश करने हेतु किसी भी प्रकार की रोक नही

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर में मान्यता प्राप्त, पंजीकृत एवं अधिकृत मीडिया को प्रवेश करने हेतु किसी भी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई है। मान्यता प्राप्त, पंजीकृत एवं अधिकृत मीडिया बंधु श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर में प्रवेश कर सकते है। श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर में अनाधिकृत, अपंजीकृत, गैर मान्यता प्राप्त एवं भ्रांति फैलाने वाले यूट्यूबर्स एवं सोशल मीडिया संचालक पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त अनाधिकृत, अपंजीकृत, गैर मान्यता प्राप्त एवं भ्रांति फैलाने वाले यूट्यूबर्स / सोशल मीडिया संचालकों के दृष्टिगत मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन करने में असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा मंदिर में भीड़ प्रबंधन में समस्या उत्पन्न होती है। श्री बांके बिहारी जी मंदिर प्रवेश पर मीडिया बंधु अपना पहचान पत्र / आई0डी0 कार्ड अवश्य दिखाए।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई गोवर्धन का निर्वाचन हुआ संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन** ।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई गोवर्धन की शैक्षिक संगोष्ठी व त्रिवार्षिक निर्वाचन बीआरसी प्रांगण गोवर्धन में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। चुनाव अधिकारी वीरेंद्र,व पर्यवेक्षक गोविन्द चौहान ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत निर्वाचन प्रक्रिया अपरान्ह 2 बजे प्रारंभ हुई। चुनाव में ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। निर्वाचन में अध्यक्ष,महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद हेतु एक एक आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें अशोक फौजदार अध्यक्ष, पवन वर्मा महामंत्री व धर्मेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। ।इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक फौजदार ने कहा कि वह शिक्षक हित में संगठन की रीति नीति से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी व निष्ठा के साथ करेंगे। किसी प्रकार का कोई अन्याय शिक्षक के साथ नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर सोनम शर्मा प्रदेश संयुक मंत्री, जिलाध्यक्ष अंजना शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हेमराज सिंह, जिलामहामंत्री इन्द्रपाल सिंह, नेम सिंह जी जिला संरक्षक, बच्चू सिंह जिला मंत्री,राजेश वर्मा, जय वीर, सुरजीत अशोक सोलंकी, हंसराज, अविनाश शुक्ला, देवेंद्र कौशिक, विपिन गौड़, नरेंद्र, हमरेंद्र, धीरेंद्र, कुलभूषण एवं गोवर्धन विकास खण्ड के बहुसंख्य शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने गायब मोबाइल वापस दिलवाया




**संदीप तिवारी**

**कछवारोड़।* मिजार्मुराद** पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुरुवार की देर शाम गायब हुई मोबाइल को खोजकर एक महिला व एक पुरुष को पुलिस ने सुपुर्द कर दिया।मिजार्मुराद थाने के एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि मिजार्मुराद क्षेत्र के पिलौरी गांव निवासिनी महिला राधा सिंह का कुछ दिन पूर्व मोबाइल कही गिर जाने के कारण गायब हो गया व गौर गांव (मिजार्मुराद) निवासी संजय विश्वकर्मा का भी मोबाइल जेब से बीते दिनों बाजार जाते समय मोबाइल गिर गया था।जिसकी शिकायत दोनों पीड़ितों द्वारा मिजार्मुराद थाने किया गया था पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगी थी मोबाइल मिलते ही दोनों लोगो को दे दिया गया।दोनों ने पुलिस का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।

# बरसाना के बाद नंदगांव में लठमार होली की धूम मची , जमकर बरसा रंग

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**





**मथुरा/नंदगांव।** गुरुवार को बरसाना के बाद नंदगांव में लठामार होली का आयोजन किया गया। दोपहर करीब दो बजे से ही बरसाना से राधारानी सखी स्वरूप बरसाना से हुरियारों का आगमन शुरू हो गया है। यशोदा कुंड पर चकाचक रबडी, केसर युक्त भांग ठंडाई छानी गई। नंदगांव के लोगों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया है। जैसा कि पहले से अंदेशा था कि लाठियां बरसने वाली हैं तो इसके लिए सिर पर पगडी बांधी गई। कुंड से बाहर निकलकर एकत्रित हो ढालों को उपर करते हुए नंद के जमाई की जय से गगनभेदी जयघोष करते हुए भूरे का थोक से नंदभवन की ओर हुरियारे कूच कर रहे थे। भूरे का थोक में गुलाब की पंखुडियों से जोरदार स्वागत किया गया। जगह जगह फूलों से रंगोली सजाई गई। छतों से ड्रमों में पहले से तैयार किया गया टेसू के फूलों का प्राकृतिक रंग हुरियारों पर बरसाया जा रहा है। हर कोई अद्वितीय प्रेम के इस रंग में सराबोर होने के लिए मचल रहा था। हुरियारों के झुंड के झुंड़ हुरियारिनों से इशारा कर कर के कह रहे थे कि दर्शन दै निकस अटा में ते दर्शन दै। लहंगा चुन्नी और सोलह श्रृंगारों से सजी धजी हुरियारिनें अपने घर के द्वार, अटा अटरियाओं के झरोखों से झांकने लगीं। भंग की तरंग में मदमस्त हुरियारे हंसी ठिठोली करते हुए नंदभवन पहुंचे। नंदभवन में पहुंचते ही पहले से ताक में बैठे नंदगांव के ग्वालों ने बरसाना के हुरियारों पर पिचकारी, बाल्टियों से टेसू के फूलों के रंग से उनको सराबोर कर दिया। चारों ओर नंदभवन में विभिन्न रंगों की सतरंगी छटा छा गई। नंदगांव बरसाना के समाजियों ने कृष्ण-बलराम के विग्रहों के सामने संयुक्त समाज गायन किया। इस दौरान वे बरसाने की गोपी फगुवा मांगन आईं, कियौ जुहार नंद जू कौं भीतर भवन बलाईं। फगुवा मिस ब्रज सुंदरी जसुमति ग्रह आईं, तब ब्रजरानी बोल कैं रावर में लीनी आदि पदों का गायन किया। शाम के करीब साढ़े पांच बजे रंगीली चौक पर हजारों की संख्या में हुरियारे और हुरियारिन जमा हुए। इसके बाद उन्होंने नृत्य व गायन प्रस्तुत किया। चंदा छिपमत जईयौ आज, श्याम संग होरी खेलूंगी, नैनन में मोहे गारी दई पिचकारी दई होरी खेली न जाय। इस तरह के तमाम लोकगीतों पर हुरियारे और हुरियारिन नृत्य करते कन्हैया की अलौकिक लीला में मगन हो गए। संध्या को समाजियों का आदेश हो जाने पर प्रेम भरी लाठियों की बरसात शुरू हुई। बीच-बीच में वहां पर मौजूद अन्य भक्तों पर भी प्रेम पगी लाठियां दुलार दिखाती रहीं। लोग छतों से यह नजारा देख लालायित हो रहे थे। हुरियारे और हुरियारिनों द्वारा पहली बार होली खेलने पर घर घर में मंगलगीत गवाए गए। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं।

# सोनौरा गौसी के एम एन पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से संबद्धता, ग्रामीण शिक्षा को मिली नई दिशा

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जनपद के सेमरियावां विकास खंड अंतर्गत सोनौरा गौसी स्थित एम एन पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) से आधिकारिक संबद्धता प्राप्त कर ली है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सेमरियावां क्षेत्र लंबे समय से शैक्षणिक संसाधनों की दृष्टि से पिछड़ा माना जाता रहा है। बेहतर शिक्षा की तलाश में अभिभावकों को अपने बच्चों को बस्ती, गोरखपुर या अन्य शहरों की ओर भेजना पड़ता था, जिससे आर्थिक और सामाजिक दोनों प्रकार की कठिनाइयाँ उत्पन्न होती थीं। ऐसे में एम एन पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से संबद्धता मिलना ग्रामीण क्षेत्र के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। अब स्थानीय विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक शोऐब अहमद नदवी ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय परिवार की वर्षों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि सीबीएसई संबद्धता प्राप्त करने के लिए विद्यालय को बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की नियुक्ति, प्रयोगशालाओं की स्थापना, सुरक्षा मानकों और अन्य आवश्यक मानदंडों को पूर्ण करना पड़ा। यह प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण अवश्य थी, लेकिन विद्यालय प्रबंधन ने इसे एक मिशन की तरह लिया और सभी आवश्यकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया। विद्यालय के प्रबंधक जुबैर अहमद ने इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि अब यहां के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उइरए पाठ्यक्रम से जुड़ने के बाद विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही, अन्य राज्यों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रधानाचार्य इसरार अहमद ने कहा कि संबद्धता मिलने के बाद विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। विद्यालय में अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम और समृद्ध पुस्तकालय की व्यवस्था पहले से ही मौजूद है, जिसे और उन्नत बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण और नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक युग के अनुरूप तैयार किया जा सके। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला, संगीत, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाएगा। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए विभिन्न सह-पाठयक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सूर्या ग्रुप के निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने धूमधाम से मनाया युवा समाजसेवी दानिश खान का जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान 'सूर्या ग्रुप' के कैंपस में आज भारी उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। सूर्या ग्रुप के निदेशक और समाजसेवी डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने बेहद करीबी व लोकप्रिय युवा उद्यमी दानिश खान का जन्मदिन बेहद भव्य तरीके से मनाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी और जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने संयुक्त रूप से केक कटवाकर दानिश खान को जन्मदिन की बधाई दी। डॉ. उदय ने दानिश खान को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और लंबी आयु की कामना की। उन्होंने दानिश खान की ऊर्जा और समाज के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें अपना बेहद करीबी बताया। इस अवसर पर केवल मुख्य अतिथि ही नहीं, बल्कि सूर्या इंटरनेशनल स्कूल का पूरा स्टाफ और जनपद के कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने एक-एक कर दानिश खान को फूल और गुलदस्ते भेंट किए और उनके जन्मदिन की खुशियों को साझा किया। आपको बता दें कि दानिश खान जनपद के एक सफल युवा उद्यमी और समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी के साथ उनकी निकटता और उनके कार्यों की चर्चा अक्सर क्षेत्र में होती रहती है। आज के इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर उनके बीच के प्रगाढ़ संबंधों को प्रदर्शित किया।

# रमजान रहमत, बरकत और माफी का महीना- हाजी मो. सुलेमान चौधरी

वेलकम इंडिया



संतकबीरनगर। रमजान माह रहमतों, बरकतो और माफी का महीना है। रमजान भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अपने नफ़्स पर नियंत्रण रखने की तालीम देना है। नमाजों की पाबंदी, कुरआन पाक की तिलावत, जिक्र व अजकार से अपनी जबानो को हमेशा तर रखें। उक्त बातें सेमरियावा ब्लाक के देवरियानासिर के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सुलेमान चौधरी ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह वह पवित्र महीना है जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास मेहरबानियां करते हैं। गुनाहों को माफ करते हैं और दुआएं कबूल करते हैं। रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाए। उन्होंने कहा कि रमजान को सिर्फ. भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाएं।आंखों को मना की गई चीजों से बचाएं। पांचों वक्त नमाजों का पालन करें। पवित्र कुरान की तिलावत पढ़ने की आदत बनाएं। जरूरतमंदों और गरीबों की दिल खोलकर मदद करें। हर दिन को कीमती समझें, हर सजदे को आखिरी सजदा समझें, और हर दुआ दिल से पढ़ें।

# भारतीय किसान यूनियन सेवक में आशुतोष शर्मा बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




**हापुड़** जनपद में भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर जी और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा जी के द्वारा आशुतोष शर्मा को भारतीय किसान यूनियन सेवक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं नरेंद्र सिंह नागर को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा जी ने बताया समाज हित में आशुतोष शर्मा के द्वारा किए गए लगातार कार्यों को देखते हुए किसानों और मजदूरों के हित में किए गए उनके कार्यों को देखकर संगठन उन्हें यह जिम्मेदारी दे रहा है और आने वाले समय में हापुड़ जनपद सहित राष्ट्रीय स्तर पर मजदूर और किसानों की आवाज को उठाने का कार्य आशुतोष शर्मा के माध्यम से किया जाएगा नरेंद्र सिंह नागर को शिक्षा के क्षेत्र में और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य करने के कारण प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है और संगठन के अध्यक्ष आदेश गुर्जर जी ने यह निर्देशित किया है वह लगातार जमीनी स्तर पर लोगों के लिए कार्य करें भारतीय किसान यूनियन सेवक लगातार मजदूर किसानों और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कार्य कर रहा है आज हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भारतीय किसान यूनियन सेवा के साथ जुड़ा हुआ है आशुतोष शर्मा ने बताया संगठन को लगातार मजबूत किया जाएगा और समाज हित में लगातार कार्य किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन सेवक मार्च में अपना किसान सम्मेलन करने जा रहा है जिसमें हजारों लोग हिस्सा लेंगे और सैकड़ो लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर जी राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा जी अंकित शर्मा जी प्रशांत मुखिया जी और पंकज जी आदि लोग मौजूद रहे

# रिठानी बाजार में नगर निगम कर रहा अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों से अवैध वसूली



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ** के रिठानी बाजार में अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम की टीम ने व्यापारी को डरा धमकाकर वैध व अवैध वसूली की और दुकानदारों मैं भय व्याप्त कर तोड़फोड़ की सेंट्रल मार्केट की तरह ही रिठानी के व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है नगर निगम के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश है जिससे व्यापारी निगम का सामना करने के लिए तैयार हैं भाजपा के प्रति भी व्यापारियों में रोष है मौके पर अध्यक्ष सुनील वर्मा महामंत्री आदित्य शर्मा विजेन्द्र पाल रवि गुजर संजय गौड़ इंदरपाल भोला पकोड़े परवीन शर्मा राजवीर पाल नितिन गोयल मोनू करण सिंह पवन सैनी राजू बाबू सैनी आदि व्यापारी मौजूद रहे

# नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर दिखी सख़्ती

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उ. प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर सख़्ती दिखी। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा परीक्षा केन्द्र पर बृहस्पतिवार की द्वितीय पाली में भूगोल की परीक्षा संपन्न हुई। गेट पर सघन चेकिंग की गयी। परीक्षा में पंजीकृत 145 परीक्षार्थियों में 144 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट सत्यवान यादव, केन्द्र व्यवस्थापक संजय द्विवेदी और अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक महबूब आलम सहित पूरा अमला पूरी तरह सक्रिय रहा। इसी क्रम में एम. एन. पब्लिक इंटर कॉलेज सोनौरा गौसी में पंजीकृत 32 में 31 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जगराम यादव इंटरमीडिएट कॉलेज हुजुरा सुहावा में पंजीकृत 67 परीक्षार्थियों में 63 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर दिखी सख़्ती



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उ. प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर सख़्ती दिखी। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा परीक्षा केन्द्र पर बृहस्पतिवार की द्वितीय पाली में भूगोल की परीक्षा संपन्न हुई। गेट पर सघन चेकिंग की गयी। परीक्षा में पंजीकृत 145 परीक्षार्थियों में 144 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट सत्यवान यादव, केन्द्र व्यवस्थापक संजय द्विवेदी और अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक महबूब आलम सहित पूरा अमला पूरी तरह सक्रिय रहा। इसी क्रम में एम. एन. पब्लिक इंटर कॉलेज सोनौरा गौसी में पंजीकृत 32 में 31 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की सख्त कार्रवाई:- गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त के विरुद्ध उद्घोषणा तामील



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दुबे ने प्रभावी कार्रवाई की। मु0अ0सं0 277/2025 धारा 2( )(क), 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर से संबंधित वांछित अभियुक्त शराकत पुत्र रजमुन उर्फ लंबू निवासी ग्राम परदेसवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध मा0 न्यायालय के आदेशानुसार धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा तामील की कार्रवाई ग्राम परदेसवा में संपन्न की गई। पुलिस द्वारा अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु लगातार दबिश दी जा रही है। जनपद पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

# सम्बंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा द्वारा कोतवाली/अभिसूचना इकाई/पुलिस संचार शाखा बागेश्वर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कोतवाली निरीक्षण के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा उन्हें गार्द की सलामी दी गई। एसपी द्वारा थाना परिसर, कर्मचारी बैरिक, थाना कार्यालय/सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर व थाना कार्यालयों में साफ-सफाई/शस्त्र हैंडलिंग व उनका रखरखाव का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। आपदा उपकरण, थाना अभिलेखों व ऑनलाइन पोर्टलों को अपडेट रखने, कार्यालय के समस्त अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यालय स्टाँफ को अभिलेखों अध्यावधिक रखने, सीसीटीएनस कार्यो का अवलोकन कर सम्बन्धित कर्मियों को सभी आनलाईन पोर्टलों/उत्तराखण्ड पुलिस एप में प्राप्त शिकायतों/चरित्र सत्यापनों आदि में समय पर कार्यवाही कर निस्तारण के निर्देशनिर्देश दिये गये। वही लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण, लम्बित मुकदमाती मालों के निस्तारण व लम्बित विवेचनाओं में शीघ्र साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण करने, यातायात व्यवस्था पर प्रभावी कार्यवाही, जन-जागरूकता और महिला सुरक्षाकी दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने, महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित करने को कहा गया। महिलाओं को उनके अधिकारों, नए कानूनों और 'उत्तराखंड पुलिस एप' की उपयोगिता के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए गए। आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु होली और ईद-उल-फितर परसम्भ्रांत नागरिकों व शांति समिति के साथ गोष्टी आयोजित करने, नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस और बीट प्रणाली व्यवस्था बनाने, के निर्देश कोतवाल अनिल उपाध्याय को दिए। एसपी ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए और बेहतर कार्य करते हुए मित्र पुलिस के सफल सारथी बनने की बात कही। जिसके बाद एसपी मेहरा ने अभिसूचना इकाई औरसंचार शाखा का निरीक्षण किया। एसपी ने कोतवाली में सभी शाखाओं में तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मियों के साथ सम्मेलन कर उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया। निरीक्षण। के दौरान पुलिस अ उपाधीक्षक अजय लाल साह एवं सम्बंधित शाखाओं के प्रभारी/अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# होली पर्व के दृष्टिगत मेहदावल क्षेत्र-2 में आबकारी विभाग की सघन चेकिंग

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलाये गये विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी, संत कबीर नगर के नेतृत्व में तहसील मेहदावल क्षेत्र में स्थित आबकारी दुकानों की पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा सघन चेकिंग की गई जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मेहदावल क्षेत्र में स्थित विभिन्न शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकार मेहदावल सर्वदमन एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मेहदावल बसंत प्रसाद मौजूद रहे। टीम द्वारा कंपोजिट दुकान एवं देशी शराब दुकान सोनौरा, नंदौर एवं मेहदावल में स्थित कंपोजिट दुकान एवं देशी शराब दुकान टड़वरिया एवं कंपोजिट शराब दुकान मेहदावल एवं देशी शराब दुकान मेहदावल बस स्टैंड की गहन जांच की गई।

# हाईकोर्ट से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री खोलने के आदेश के बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,हाईकोर्ट ने मैग्नेसाइट कंपनी को शशर्त कार्य करने की अनुमति मिलने के बाद अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है ।लंबे समय से फैक्ट्री बन्द होने से सैकड़ो लोगों की जीवन शैली पर इसका असर पड़ा था, कम्पनी वर्कर रोजाना भगवान से जल्द फैक्ट्री ककी कामना कर रहे थे। लम्बी जद्दोजहद के बाद आखिरकार फैक्ट्री कर्मियों की मांग पूरी हुई ।उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक पूर्ण करने,कंपनी को संचालन करने के लिए कोर्ट के आदेश के चार माह के बाद पीसीबी से एनओसी लेने और एनओसी नही मिलने पर पर कोर्ट का आदेश यथावत रखने के आदेश पारित किया है। कोर्ट ने जिले में अन्य खनन इकाइयों को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने खड़िया खनन पर लगाई रोक को जारी रखा है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी में कहा गया कि अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी बंद होने से सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। कंपनी भूगर्भीय सर्वेक्षण भी करती है ।इसलिए इसे खोलने की अनुमति दी जाए। कंपनी मानको को पूरा कर रही है इसलिए कंपनी पर से लगी रोक को हटाया जाए ।जिस पर कोर्ट ने नियमावली व पीसीबी के नियमों का पालन करते हुए कम्पनी के खनन पर लगी रोक शशर्त खोलने के निर्देश दिए हैं। एक साल से भी अधिक समय से बंद अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी के खुलने का आदेश आने के बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर है। कंपनी कर्मचारियों, मजदूरों वेरोजगारी की मार झेल रहे कर्मचारियों ने इसे संघर्ष की जीत बताया ।साथ ही फैक्टरी खोलने का आदेश जारी करने के लिए प्रदेश सरकार और उच्च न्यायालय का आभार जताया है। वही फैक्ट्री बंद होने से अब तक कर्मचारियों को उनके लंबित देयकों का का भुगतान नहीं मिला है। फैक्टरी खोलने की मांग के लिए कर्मचारी नेता शांति लाल के नेतृत्व में कंपनी में कार्यरत कर्मचारी, आंदोलित हुए, क्षेपं सदस्य करालापालड़ी फौजी फतेह सिंह करायत द्वारा भी लगातार कर्मियों को समर्थन देकर कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष किया गया। कई वार डीएम और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन भी हुआ। कलक्ट्रेट परिसर में क्रमिक अनशन के बाद डीएम आकांक्षा कोंडे की विशेष पहल से कर्मचारियों को उनके पीएफ की राशि और बोनस का भुगतान भी हुआ था। अब फैक्टरी खोलने के आदेश आने के बाद सभी कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

# रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन, आपसी सौहार्द और भाईचारे का दिया संदेश

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला**। पवित्र रमजान माह में विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित चौधरी शाहरुख के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दोनों समाज के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इफ्तार से पहले सभी रोजेदारों ने सामूहिक रूप से देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ की। शाम ढलते ही रोजेदारों का आना शुरू हो गया था। इफ्तार के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें खजूर, फल, शर्बत,, फ्रूट चाट सहित विभिन्न व्यंजन शामिल थे। अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। दोनों समाज के लोगों की एक साथ मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि क्षेत्र में आपसी एकता और सद्भाव की परंपरा आज भी कायम है ।इस दौरान चौधरी शाहरुख ने कहा कि रमजान का महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसानियत का महीना है। उन्होंने कहा,आज के दौर में समाज के कुछ हिस्सों में नफरत फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन हमें ऐसे प्रयासों को नकारते हुए मोहब्बत और भाईचारे का रास्ता अपनाना चाहिए। हमारा देश गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जहां सभी धर्म और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते आए हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है ।उन्होंने आगे कहा कि रमजान हमें सिखाता है कि हम अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों का ख्याल रखें। इस पवित्र महीने में जकात और फितरा देना हर सक्षम व्यक्ति का फर्ज है ।इस दौरान अंकित चौहान, विक्की चौहान, सचिन, बाबर, डब्बू, छोटू, फाईज जमाआलम,जुनैद प्रधान,बाबू कश्यप, संजीव कश्यप गय्यूर प्रधान, मुबारिक, जावेद, साजिद,सहित आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट के लोन को लेकर बढ़ा विवाद,देवर पर मारपीट का आरोप

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**। कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला ने अपने देवर पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है ।गुरुवार को मोहल्ला मौलानान निवासी महिला शमीमा ने थाने पहुंचकर दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपने दो देवरों के प्लॉट पर कुछ समय पूर्व लोन लिया था। महिला के अनुसार लोन संबंधी कागजात विधिवत तैयार कराए गए थे और स्टांप भी लगाए गए थे। पीड़िता का कहना है कि वह लोन की पूरी रकम अदा कर चुकी है, इसके बावजूद उसका देवर रकम को लेकर दबाव बना रहा है ।महिला का आरोप है कि गुरुवार को उसका एक देवर उसके घर पहुंचा और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया ।पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दूसरी और सलेमपुर मार्ग निवासी उमर ने बताया कि पीड़ित क्षेत्र के भारसी ईंट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करता है जब उसने मजदूरी के रुपए मांगे तो आप है भट्ठा मालिक ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बिजनौर में होली और ईदुल फितर को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांतिपूर्ण आयोजन की पूरी तैयारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर** जिला प्रशासन ने होली, रमजान और ईदुल फितर को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सभी त्योहार परंपरागत तरीके से, संयम और आपसी सम्मान के साथ मनाए जाएं। किसी भी प्रकार की भड़काऊ भाषा, धार्मिक उन्माद फैलाने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की सूचना मिले तो स्वयं हस्तक्षेप करने के बजाय तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक में नगर निकायों को विशेष सफाई, प्रकाश और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ थानावार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। होली के जुलूसों और रमजान के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाएगी। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी एवं ग्रामीण, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सभी धर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आगरा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई: ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगराः** में- डीसीपी ट्रैफिक आगरा के निर्देशन में आगरा ट्रैफिक पुलिस ने वॉटर वर्क्स चौराहा पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की। इस कार्रवाई में कई वाहनों के चालान काटे गए और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया गया। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा ।इस कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रूप से उन वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, पड़ोसी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ डरा धमका कर मारपीट करते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।गुरूवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घेर में पशुओं की देखरेख करने के लिए गई हुई थी। आरोप है कि वापस आते समय पड़ोसी युवक ने उसकी पुत्री को बहाने से अपने घर में बुलाया और किशोरी के मुंह पर थप्पड़ जड़ते हुए उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। और उसकी पुत्री को डराया धमकाया कि अगर किसी को जानकारी दी तो जान से मार दूंगा। पीड़िता की मां ने बताया कि वह गांव के एक इंटर कॉलेज में दसवीं की छात्रा है और पढ़ाई कर रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, 2.52 करोड़ रुपये के कार्यों का लेखा-जोखा पेश


संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला**। विकासखंड प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष के दौरान कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि उनके कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के सभी ग्राम पंचायतों में समान रूप से विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में विकासखंड क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूर्ण कराए गए हैं। इन कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवनों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। बैठक के दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्यों की सूची ब्लॉक प्रमुख को सौंपी। प्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा नई योजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग उठाई ।ब्लॉक प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जैसे ही आगामी बजट जारी होगा, प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांवों का विकास कराना ही उनका उद्देश्य है ।बैठक में ग्राम प्रधान संदीप पवार, पंकज मलिक, नौशाद अली, पंचायत सदस्य मनोज कुमार ,भूरा,इसराइल मंसूरी सहित विकासखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# साहुवाला रेंज में हथनी की मौत से वन विभाग में हड़कंप

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** बढ़ापुर साहूवाला रेंज में एक मादा हाथी का शव पड़ा मिलने की सूचना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वन संरक्षक मुरादाबाद ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा उनकी मौजूदगी में ही पशु चिकित्सकों के पैनल ने हाथी के शव का पोस्टमार्टम किया और बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। बताया जाता है कि बुधवार को नजीबाबाद डिवीजन की साहूवाला रेंज में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को रेंज की खारी बीट के कक्ष संख्या छ में एक मादा हाथी का शव पड़ा हुआ मिला था। टीम द्वारा रेंज कार्यालय को सूचना दिए जाने के बाद तत्काल ही रेंजर द्वारा विभाग के उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। बताया जाता है कि शव एक मादा हाथी का है। शव से निकल रही दुर्गंध से अनुमान लगाया जा रहा है कि हाथी की मृत्यु कई दिन पूर्व हो चुकी थी इसके अतिरिक्त शव के सड़-गल जाने की वजह से हाथी की आयु का अनुमान भी नहीं लग पाया है। हाथी का शव मिलने की सूचना मिलते ही आनन-फानन में वन संरक्षक मुरादाबाद घटनास्थल पर पहुंचे और वन संरक्षक व प्रभागिय वनाधिकारी की मौजूदगी में हथनी के शव का पोस्टमार्टम किया गया उन्ही की मौजूदगी में पशु चिकित्सकों के तीन सदस्य पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया और बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। यहां पर सबसे अहम बात यह है कि हथनी के शव के सड़ने का गलने के बाद ही शव से आने वाली दुर्गंध ने ध्यान अपनी ओर खींचा अन्यथा इस और किसी को ध्यान नहीं था साहू वाला वन रेंज में आखिर गश्ती दल क्या कर रहा है। यह सोचनीय विषय है। इस संबंध में डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि मृत हाथी की आयु का अनुमान नहीं लग पा रहा है किंतु शव एक व्यस्क मादा हाथी का है।

# फूल सैय्यद चौराहा पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगराः**- में डीसीपी ट्रैफिक आगरा के निर्देशन में आगरा ट्रैफिक पुलिस ने फूल सैय्यद चौराहा पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की। इस कार्रवाई में कई वाहनों के चालान काटे गए और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया गया। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। यदि आपको यातायात से संबंधित कोई समस्या है या आप यातायात नियमों के उल्लंघन की शिकायत करना चाहते हैं, तो आप यातायात हेल्पलाइन नंबर 9454457886 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे युवकों की बुलेरो गंगा नहर में गिरी, दो की मौत, चार घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा





**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद। शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहे युवकों की बोलेरो कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़कर गंग नहर में गिर गई। हादसे में बोलेरो सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना नजीबाबाद पुलिस ने घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया। वहीं घटना से परिवारों के कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार उत्तराखंड ऋषिकेश से नजीबाबाद में शादी समारोह में शामिल होकर छह लोग बोलेरो से वापस ऋषिकेश जा रहे थे, बीती देर रात करीब दो बजे बुलेरो कार अनियंत्रित होकर गंग नहर के पुल की रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई, हादसे में बोलेरो सवार 35 वर्षीय सतीश पुत्र चरण दास और 30 वर्षीय सचिन पुत्र सत्य की मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय विशाल पुत्र कालीचरण, 28 वर्षीय मोहित पुत्र राजू, 35 वर्षीय विशाल पुत्र सुनील और 30 वर्षीय अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल निवासी बताए गए। सूचना मिलते ही सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राहल सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को उपचार दिलाया। बाद में घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए सीएचसी समीपुर से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया। वहीं खबर मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते नजीबाबाद पहुंचे। वहीं थाना नजीबाबाद पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने और संभवतः तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अमेठी में प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** सतीश चंद्र शर्मा (राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री) ने विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की विकास प्राथमिकता योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए तथा जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मयंकेश्वर शरण सिंह (राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), राजेश अग्रहरि (जिला पंचायत अध्यक्ष), शैलेन्द्र प्रताप सिंह (सदस्य विधान परिषद), जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अंतर्गत सोलर रूफटॉप, उद्यान विभाग की योजनाएं, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, खराब ट्रांसफार्मर बदलने की प्रगति, लाइन लॉस, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण व गड्ढा मुक्त अभियान, सिंचाई पंप आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश संरक्षण, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एंबुलेंस व टीकाकरण, पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय, अंत्येष्टि स्थल, स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वयं सहायता समूह, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल व दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल, श्रमिक पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रगति तेज करने के निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने हत्या, लूट, महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म, अपहरण, पॉक्सो एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचनाएं, गैंगस्टर व रासुका जैसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाए तथा शिलान्यास और लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों का समयबद्ध निस्तारण कर जवाब दिया जाए और चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित किए जाएं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों को बिना लाइसेंस ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाने एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में टैक्सी व ई-रिक्शा केवल निर्धारित स्टैंड पर ही खड़े किए जाएं तथा नो-पार्किंग में वाहन खड़े होने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस व नगर पालिका को दिए गए। विद्यालय वाहनों की फिटनेस एवं ओवरलोडिंग रोकने के लिए शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिषेक सिंह, एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय तथा एसपी सिटी शंकर प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दाऊजी मंदिर में उमड़ा भक्ति का रंग, 'मासिक मिलन' की बहनों ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव



वेलकम इंडिया

**अलीगढ़।** महानगर के ऐतिहासिक क्षेत्र महावीर गंज छपैटी बाजार स्थित दाऊजी मंदिर में 'मासिक मिलन' कार्यक्रम के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयकारों और होली के पारंपारिक गीतों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरूआत हाउजी गेम से हुआ। इसके बाद 'मासिक मिलन' समूह की बहनों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। फूलों की होली और भजनों पर नृत्य ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल आपसी प्रेम बढ़ता है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराएं भी जीवित रहती हैं।

## आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय खसरा रूबेला टीकाकरण अभियान का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में सरकार के दिशा निदेशों के तहत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय खसरा- रूबेला टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के मुख्य चिकित्सक डॉ अजय गंधर्व के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी सीमा भारद्वाज व नंदिनी गौड़ द्वारा बच्चों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद अभिभावकों की सहमति से टीके लगाए गए। स्कूल प्रशासन ने भी पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार खसरा और रूबेला जैसे संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित रखना और समाज में जागरूकता फैलाना है कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सभी शिक्षकों व अभिवावकों से सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, मोहित भारद्वाज, बबीता पाल, शिवांगी चौहान, जीवन सिंह, पूजा रानी, प्रीति रानी, अजय सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान का आयोजन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ में 25 एवं 26 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ एवं डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित 'माय भारत' पोर्टल पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया गया। इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा।

## एचबीएस इंटरनेशनल स्कूल में स्टैटिक जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गाँव खनोदा स्थित एचबीएस इंटरनेशनल स्कूल में स्टैटिक जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सामान्य ज्ञान क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्कर्ष ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ ज्ञान में वृद्धि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## पूर्व सभासद हाजी इरफान फरीदी ने कराया रोजा इफ्तार, उमड़ी गणमान्य लोगों की भीड




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा।** रमजान मुबारक के पवित्र महीना शुरू होते ही रोजा इफ्तार का सिलसिला हुआ जारी पूर्व सभासद इरफान फरीदी ने कराया रोजा इफ्तार प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मुरादाबाद रोड स्थित बैटरी व इनवर्टर शोरूम के संचालक पूर्व वार्ड सभासद इरफान अहमद ने अपने शोरूम पर रोजा इफ्तार कराया। जिसमें नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व सभासद इरफान अहमद ने कहा है रोजा इफ्तार बहुत ही नेक काम है जिसमें सभी धर्म के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और भाईचारे व प्रेम की मिसाल देते हैं इसी को लेकर रमजान मुबारक के इस पवित्र महीने में अपने ही शोरूम पर यह रोजा इफ्तार कराया है इस रोजा इफ्तार में कराई गई दुआ में आपसी भाईचारा वह मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर पत्रकार सुबहान अली फरीदी, रिहान अहमद, महताब अहमद, डॉ दानिश रिफाकत, सुबहान अहमद, रईस अहमद, जावेद अहमद इदरीस अहमद, नदीम कुरेशी, जाकिर अहमद शानू अहमद डा कासिफ, खुर्शीद पप्पू अहमद, हाजी इरफान मोहम्मद आरिफ नगर के तमाम लोग मौजूद रहे।

## फ्लिपकार्ट वेयरहाउस सहित कई प्रतिष्ठानों से 9 खाद्य नमूने भरे

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी बुलन्दशहर के निर्देश पर गुरुवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तहसील सिकन्द्राबाद स्थित फ्लिपकार्ट वेयरहाउस पर छापा मारकर वहां भंडारित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। टीम द्वारा पतंजलि ब्रांड गाय का घी, चिली सॉस, पंसारी ब्रांड मल्टी सोर्स खाद्य तेल, एपिस हिमालय ब्रांड शहद तथा कच्ची घानी सरसों तेल सहित कुल 5 नमूने संग्रहित किए गए। जांच के दौरान मौके पर मौजूद स्टोर मैनेजर संबंधित खाद्य पदार्थों के बिल प्रस्तुत नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि खरीद संबंधी दस्तावेज कंपनी के मुख्यालय से उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग के अनुसार जनवरी माह में इसी वेयरहाउस से लिया गया पतंजलि घी का नमूना प्रयोगशाला जांच में असुरक्षित पाया गया था, जिसका बिल भी अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस मामले में विभाग द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में दूसरी टीम ने तहसील प्रशासन के साथ शिकारपुर कस्बे में कार्रवाई करते हुए लवकुश स्वीट्स हाउस से बर्फी तथा भूमिका डेयरी से पनीर का नमूना लिया। वहीं अगौता क्षेत्र के ग्राम बिहरा में मूलचंद उर्फ मूला के यहां से दूध तथा कस्बा औरंगाबाद में विशाल के प्रतिष्ठान से दही का नमूना संग्रहित किया गया।

# गुलावठी में किसान जागृति यात्रा का भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया





**गुलावठी।** गुलावठी पहुंची किसान जागृति यात्रा का भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के युवा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव जकी गौहरी के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के युवा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव जकी गौहरी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, युवा और विभिन्न राज्यों से आए किसान नेता मौजूद रहे। सभा में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से पंजाब से जगजीत सिंह डल्लेवाल, कर्नाटक से कुरुबुरु शांताकुमार, हरियाणा से अभिमन्यु कोहाड़ व हर्षदीप गिल, राजस्थान से इंदरजीत पन्नीवाला व महावीर सहारण, मध्यप्रदेश से लीलाधर राजपूत व अन्य नेता उपस्थित रहे। इंजीनियर शादाब चैधरी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने कहा कि यह यात्रा किसानों की एकता और अधिकारों की सशक्त आवाज है। उन्होंने कहा कि आज भी किसान अपनी फसल के उचित दाम, कर्ज से राहत और सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर आंदोलन को मजबूत करने की अपील की। जकी गौहरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसान स्वाभिमान की निर्णायक पुकार है। जब तक किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य, स्थायी कृषि नीतियां और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। स्वागत समारोह का संचालन जकी गौहरी और संजय सोलंकी (प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (आजाद) की ओर से महताब चैधरी, अरबाज चैधरी, अब्दुल मलिक, सुशांत राठी, सलमान राणा, मोहसिन कुरैशी, जमाल राणा, सलमान कुरैशी, हसीन, नदीम, आतिफ, राशिद और नाजिम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की ओर से विजय तेवतिया, नितिन तेवतिया और सचिन तेवतिया भी उपस्थित रहे। सभा के अंत में किसानों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## त्यौहारों को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया

**गुलावठी।** गुलावठी थाना प्रांगण में माहे रमजान व आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने हेतु सर्व-समाज की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे सभी वर्गो के लोगों द्वारा भाग लिया गया। गोष्ठी मे उपस्थित थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप द्वारा सभी लोगो से मिलजुल कर रहने तथा त्यौहारो को शान्तिपूर्ण रुप से मनाने एवं आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने की अपील की गयी। जिस पर गोष्ठी मे मौजूद सभी वर्गो के संभ्रान्त लोगो द्वारा मिल जुलकर रहने व शान्ति बनाये रखने का आश्वासन दिया गया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, शरद गर्ग, हैप्पी वर्मा, कुलदीप सिंघल, पुष्पेंद्र सिंह, अमरीश गोयल, संजीव गोयल, रामकुमार कौशिक, भूपेंद्र धनकड़ आदि मौजूद रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा किया गया पुस्तक का विमोचन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने यतिन त्यागी एवं विष्णु राघव द्वारा लिखित मानवीय भावनाओं एवं चेतना के गहरे पहलुओं को खोजती आधारित पुस्तकों का विमोचन किया। युवा रचनाकार यतिन त्यागी एवं विष्णु राघव द्वारा रचित पुस्तकों का विमोचन डॉ. सरिता सिंधु के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। यह अवसर साहित्य, संवेदनाओं और आत्मचिंतन के समन्वय का प्रतीक है। यतिन त्यागी एवं विष्णु राघव ऐसे संवेदनशील एवं चिंतनशील लेखक हैं, जिनकी लेखनी मानवीय मन, भावनाओं और चेतना के गहरे पहलुओं को दार्शनिक दृष्टिकोण से अभिव्यक्त करती है। उनका साहित्य जीवन को गहराई से समझने, अत्यधिक सोच के प्रभाव को पहचानने, भावनात्मक संघर्षों को स्वीकारने तथा उन अनकहे प्रश्नों को शब्द देने का प्रयास है, जिन्हें व्यक्ति अक्सर अपने अंतर्मन में ही संजोए रखता है। उनकी कृतियाँ ‖डगमगाते पैर‖ एवं ‖जो मैं कह न सका‖ मानसिक व्याकुलता, भावनात्मक संवेदनशीलता और भीतर चल रही अनदेखी लड़ाइयों का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत करती हैं। ये पुस्तकें पाठकों को आत्मविश्लेषण, आत्मस्वीकार और आंतरिक संतुलन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. सरिता सिंधु ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन को प्रकाशमान करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में, जब मानसिक तनाव और भावनात्मक द्वंद्व बढ़ रहे हैं, ऐसे साहित्य की अत्यंत आवश्यकता है जो पाठकों को स्वयं से जोड़ने और सकारात्मक दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने दोनों लेखकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लेखनी युवा पीढ़ी को आत्मचिंतन और आंतरिक सुदृढ़ता की ओर अग्रसर करेगी। यह विमोचन आत्मिक जागरूकता और साहित्यिक समृद्धि की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। निस्संदेह, यह अवसर साहित्य प्रेमियों के लिए प्रेरणा, संवेदना और चिंतन का एक अविस्मरणीय संगम सिद्ध होगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुरी का चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश कुमार ने किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ) ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुरी का चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डा. दिनेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल में महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही जांच, परामर्श और अन्य चिकित्सा सुविधाएं भी नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। मरीजों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं । आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसके लिए व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही जांच, परामर्श और अन्य चिकित्सा सुविधाएं भी नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। मरीजों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ।किसान नेता परविंदर आर्य ने भी अस्पताल पहुंचकर मरीज का हाल-चाल जाना और अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉक्टर करण, सभासद संदीप सांगवान आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। हिन्दू एकता समिति द्वारा सनातन धर्म मन्दिर गोविंदपुरी में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया ।जिसके अध्यक्ष लाजपतराय बंसल जी,सचिव धीरेन्द्र शर्मा जी संरक्षक विश्व बंधु सचदेवा रहे। मुख्य वक्ता नगर के प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (मोदी मन्दिर) के पुजारी देवेन्द्र शास्त्री रहे ।साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रॉबिन और धीरज सेठ का मार्गदर्शन भी समाज को प्राप्त हुआ। हिन्दू समाज के सैंकड़ों भाई बहनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंच संचालन श्री आनन्द त्यागी जी ने किया।

# खाते से 32 लाख रुपये निकलने के मामले में चौथे दिन भी धरना जारी रहा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक मोदीनगर बैंक खाते से 32 लाख रुपये निकलने के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज चिकित्सक डॉ. एसके शर्मा का विरोध में चौथे दिन भी धरना जारी रहा। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक मोदीनगर से गायब हुए 32 लाख रुपए के विरोध में चौथे दिन भी धरना जारी रहा धरने में शामिल होने वाले लोनी विधायक नंद किशोर गुजर, डॉ एस के शर्मा ,बबीता शर्मा पूर्व सभासद डॉ पवन सिंघल बीजेपी के वरिष्ट नेता महेश तायल व्यापार मंडल अध्यक्ष मोदीनगर पूर्व सभासद पीयूष गुप्ता व्यापारी नेता अरविंद अग्रवाल नवीन जयसवाल पूर्व सभासद पूर्व राज्य मंत्री रमेश प्रजापति रिटायर इंस्पेक्टर बृज किशोर शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंद किशोर शर्मा कांग्रेस की महिला अध्यक्ष ममता सिंह समाजसेवी राजनीतिक शिक्षा विद भाई पप्पन शर्मा डॉ रजनी शर्मा डॉ रतन सिंह यादव पूर्व सभासद अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा मनोज शर्मा ब्लैक कैट कमांडो व्यापारी नेता अमित गोयल व्यापारी नेता निर्दोष खटाना व्यापारी नेता मधुसूदन शर्मा समाजसेवी पप्पन शर्मा पूर्व प्रधान सुमेश प्रधान ग्राम प्रधान अनिल किसान बिल्लू डॉ जमिल खान डॉ आर एस यादव डॉक्टर डाल्टन मलिक डॉ आर के शर्मा डॉ आर के वर्मा डॉ सूरज नायक डॉ शहीद डॉ आसिफ डॉ रजनी डॉ उर्मिला शर्मा डॉ राहुल डॉ जुबेर त्यागी डॉ श्री राम जी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# लेखपाल संघ तहसील मोदीनगर के चुनाव में अमित ठाकुर अध्यक्ष व मोहित शर्मा सचिव चुने गए




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ) ।उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा तहसील मोदीनगर के चुनाव में अमित ठाकुर अध्यक्ष व मोहित शर्मा सचिव चुने गए। जिला अध्यक्ष संजय कुमार और जिला सचिव मनीष मिश्रा द्वारा तहसील मोदीनगर के तहसील अध्यक्ष व मंत्री के चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव में कुल 28 लेखपालों ने मतदान में हिस्सा लिया । जिसमें अध्यक्ष अमित ठाकुर को 17 मत मिले व गौरव भारद्वाज की कुल 08 मत मिले,राजन लेखपाल को 03 मत मिले। इसी प्रकार तहसील सचिव पद के लिए मोहित शर्मा को 11 मत व मोनिका को 09 मत मिले , विनोद को 05 मत, विकास त्यागी को 03 मत मिले। शेष पदों पर निर्विरोध चुने गए।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। नगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला और पैर में चोट के निशान है। परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। नगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी निवासी दीपक का 12 साल पहले कविता के साथ शादी हुई थी। दीपक मजदूरी करता है। दोनों का एक बेटा भी है। सुबह उठने पर जब कमरा नहीं खुला तो पति ने दरवाजा खटखटाया। जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। जब वह कमरे के अंदर गया तो कविता को फंदे से लटका हुआ देखकर हक्का बक्का रह गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। महिला के परिजनों का आरोप है कि हत्या कर शव को लटकाया गया है। महिला के पैर में चोट के निशान भी है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मामला आत्महत्या कर लग रहा हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है।

# शाहजहांपुर में विकास की सियासत का सधा चेहरा: डॉ. युसूफ खान

संवाददाता जाकिर तुक



**मेरठ**। कस्बा शाहजहांपुर की सियासत और सामाजिक सरोकारों में एक नाम पिछले कई वर्षों से लगातार चर्चा में है डॉ. युसूफ खान। बतौर अध्यक्ष, शाहजहांपुर विकास मंच, उन्होंने स्थानीय मुद्दों को न केवल उठाया बल्कि उन्हें प्रशासनिक गलियारों तक पहुँचाने का काम भी किया। कस्बे की ऐतिहासिक ईदगाह के विकास व मुख्य द्वार के जीर्णोद्धार में भी उनकी अहम भूमिका रही, जहाँ उनके प्रयासों से न केवल संरचना का नवीनीकरण हुआ बल्कि क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिली। डॉ. युसूफ खान की पहचान एक मुखर और जागरूक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में है। सड़क, जलनिकासी, शिक्षा और स्वास्थ्य और शाहजहांपुर में पानी की टंकी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर वे समय-समय पर जनसमर्थन के साथ आगे आए। कस्बे के विकास से जुड़े विषयों पर उन्होंने ज्ञापन, बैठकें और जनसंवाद के माध्यम से अपनी सक्रियता बनाए रखी ।ग्राम पंचायत शाहजहांपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मुहिम में भी डॉ. युसूफ खान की सक्रियता उल्लेखनीय रही ।इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को अंतिम रूप दिलाने में पूर्व केबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी यूनुस खान व उनके भाई युसूफ खान की निर्णायक भूमिका रही, जिन्होंने इसे अमली जामा पहनाने का कार्य किया। हालांकि, इस ऐतिहासिक उपलब्धि की पृष्ठभूमि में डॉ. युसूफ खान के प्रयासों और निरंतर कागजी पैरवी को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने जनसमर्थन जुटाने, संवाद स्थापित करने और प्रशासनिक स्तर पर पहल करने में अहम भूमिका निभाई। कस्बे में डॉ. युसूफ खान को कलम के होशियार लोगों में शुमार किया जाता है। सामाजिक और प्रशासनिक विषयों पर उनकी लेखनी स्पष्ट और तथ्यपरक मानी जाती है। कानून की अच्छी समझ होने के कारण वे जटिल मुद्दों पर भी संतुलित राय रखते हैं। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के लिए वे मार्गदर्शक की भूमिका निभाते रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों को बिना लाइसेंस ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाने एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में टैक्सी व ई-रिक्शा केवल निर्धारित स्टैंड पर ही खड़े किए जाएं तथा नो-पार्किंग में वाहन खड़े होने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस व नगर पालिका को दिए गए।

विद्यालय वाहनों की फिटनेस एवं ओवरलोडिंग रोकने के लिए शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिषेक सिंह, एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय तथा एसपी सिटी शंकर प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनफिट डॉक्टर की लापरवाही से गर्भस्थ शिशु की मौत, महिला की हालत गंभीर

वेलकम इण्डिया

**लोटन/सिद्धार्थनगर**। जनपद के लोटन थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहाँ कथित रूप से एक अप्रशिक्षित (झोलाछाप) डॉक्टर की लापरवाही के कारण गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई, जबकि गर्भवती महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोटन थाना क्षेत्र के फूलवरिया निवासी ओम प्रकाश अपनी गर्भवती पत्नी सरिता को इलाज के लिए लोटन सीएचसी के पास स्थित एक निजी क्लिनिक पर लेकर गए थे। आरोप है कि क्लिनिक में मौजूद अनफिट डॉक्टर ने महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया। महिला की हालत गंभीर होते देख परिजन उसे तत्काल लखनऊ के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहाँ उसका इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि गलत उपचार के चलते गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कुछ ही दूरी पर यह निजी क्लिनिक लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रहा था, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की जानकारी में होने के बावजूद ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि समय रहते प्रशासन सख्ती दिखाता, तो शायद एक मासूम की जान बचाई जा सकती थी।पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) से करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नरसेना में मासिक पंचायत का आयोजन

वेलकम इण्डिया





**बुगरासी**। गुरुवार को ऊंचागांव ब्लांक के गांव नरसेना में भाकियू ने एक मासिक पंचायत का आयोजन किया। भाकियू के जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने ब्लॉक ऊंचा गांव एडियो पंचायत राजेश राघव द्वारा हो रहे अत्याचार ,किसानों का शोषण, एवं तथाकथित माफिया तथा स्वयंभू फर्जी ब्लॉक प्रमुख आदि के आतंक पर चर्चा की गई तथा स्याना से ऊंचा गांव रोड पर नहर से निकली गई मिट्टी जिससे कई राहगीरों के एक्सीडेंट भी हो गई चर्चा की गई ।मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहा कि हमारा संगठन अहिंसा का पुजारी है समय रहते एडीओ पंचायत राजेश राघव को बर्खास्त करते हुए इसकी संपत्ति की जांच कर कर जेल भेजा जाए तथा इसके द्वारा जो फर्जी मुकदमा किसानों पर लिखवाया है अभिलंब वापस किया जाए अन्यथा की स्थिति में आने वाली 9 मार्च को किसान स्याना तहसील में सामूहिक आत्मदाह करेंगे। प्रशासन किसानों पर हो रहे उत्पीड़न को हल्के में ले रहा है किसानों की करो या मरो की स्थिति है सभी किसान आने वाले आंदोलन की तारीख से पहले क्षेत्र में जाकर अपनी तैयारी करेंगे। किसानों की समस्याओं को सुनने पहुंचे नायब तहसीलदार स्याना मुन्ने खान, तथा रड नसेर्ना ने किसानों बातों को सुनकर बहुत जल्द किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने को कहा तथा जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन दोनों अधिकारियों को सोपा गया । सभापति फूल सिंह सैनी रहे तथा संचालन ठाकुर प्रदीप गौड ने किया।

इस अवसर पर-जिला उपाध्यक्ष हीरालाल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह राणा, संजू राणा, नरेश शर्मा, धर्मवीर नसेर्ना, पुष्कर चौहान, सावेज खान, आदि सैकड़ो किसान मौजूद है।

# गाजियाबाद में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा, बैंकों की लापरवाही पर सीडीओ सख्त

अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद।** दिनांक 26 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गाजियाबाद की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत बैंक लोन पेंडेंसी की समीक्षा को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम, पीएनबी और केनरा बैंक के जिला समन्वयक तथा विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान लोन फाइलों में अत्यधिक पेंडेंसी और उच्च रिजेक्शन दर सामने आने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और दो कार्यदिवस के भीतर सभी प्रकार की लंबित फाइलों के निस्तारण के निर्देश दिए। चौंकाने वाली बात यह रही कि स्वीकृत 588 फाइलों में से 92 मामलों में लोन स्वीकृत होने के बावजूद धनराशि का वितरण (डिसबर्सल) अब तक नहीं किया गया है। इसी प्रकार उंल्लं१ं इंल्लह्य (केनरा बैंक) में 704 लोन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 301 फाइलें रिजेक्ट की गईं, 101 फाइलें पेंडिंग हैं और 301 फाइलें स्वीकृत की गईं। स्वीकृत मामलों में से 94 फाइलें ऐसी हैं, जिनमें लोन स्वीकृति के बाद भी अब तक राशि का वितरण नहीं हुआ है। उच्च रिजेक्शन दर और स्वीकृत फाइलों के बावजूद डिसबर्सल लंबित रहने पर सीडीओ ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी आवेदन में आवश्यक दस्तावेजों की कमी है तो शाखा प्रबंधक संबंधित डीसी (जिला समन्वयक) के माध्यम से पीओ नेड़ा, गाजियाबाद को तत्काल सूचित करें, ताकि लाभार्थी और संबंधित वेंडर को आवश्यक अभिलेखों सहित पुनः बैंक शाखा भेजा जा सके। सीडीओ ने कहा कि लंबित फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखना योजना की प्रगति में बाधा उत्पन्न करता है। यदि पर्याप्त अभिलेखों के अभाव में किसी फाइल पर निर्णय नहीं लिया जा पा रहा है, तो उसकी जानकारी भी तत्काल डीसी को दी जाए। इसके बाद डीसी और एलडीएम संयुक्त रूप से पीओ नेड़ा को सूचित करेंगे, जिससे समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि पीओ नेड़ा, एलडीएम और जिला समन्वयकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योजना के अंतर्गत सभी लंबित लोन मामलों का त्वरित निस्तारण कराएं। साथ ही जिन बैंकों में लोन पेंडेंसी अधिक है, उनकी साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए और प्रगति रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत की जाए।

# ध्वस्तीकरण व सीलिंग से अवैध निर्माणकताओं में हड़कंप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण एवं अनधिकृत विकास के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने प्रवर्तन जोन-03 क्षेत्र में गुरुवार को ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की। यह कार्रवाई प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निदेशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान मोरटा औद्योगिक क्षेत्र, मेरठ रोड तथा एनडीआरएफ सदरपुर रोड स्थित बालाजी एन्कलेव के निकट किए जा रहे अनाधिकृत निमार्णों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण किया गया तथा कई निमार्णों को सील कर दिया गया। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार बिना स्वीकृति निर्माण गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई आवश्यक हुई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं द्वारा विरोध किया गया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण और सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी निर्माण से पूर्व स्वीकृत मानचित्र एवं वैधानिक अनुमतियों की पुष्टि अवश्य करें, ताकि भविष्य में कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# स्कूल गई छात्रा शाम तक घर नहीं लौटी, परिवार ने दर्ज कराई शिकायत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश तेज कर दी है। डासना वेव सिटी क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री 24 फरवरी की सुबह स्कूल गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पिता ने अपनी शिकायत में डासना वेव सिटी निवासी राकीब चौधरी पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि शिकायत मिलते ही मामला दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को किशोरी के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बड़ा एक्शन प्रवर्तन जोन-03 में अवैध निमार्णों पर चला बुलडोजर

अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद,** 26 फरवरी 2026। शहर में अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुरुवार को प्रवर्तन जोन-03 क्षेत्र में व्यापक सीलिंग और ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष महोदय के स्पष्ट निदेशों के क्रम में की गई, जिसमें अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के आदेश दिए गए थे। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में जीडीए की टीम ने मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड तथा एनडीआरएफ सदरपुर रोड पर बालाजी एन्कलेव के निकट चल रहे अनाधिकृत निमार्णों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई की। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बन रही संरचनाओं को ध्वस्त कराया और कई निर्माण स्थलों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया। बताया गया कि जब जीडीए की टीम ने ध्वस्तीकरण शुरू किया तो कुछ लोगों ने मौके पर एकत्र होकर कार्रवाई को रोकने की कोशिश की। हालांकि, प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी के चलते स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के कारण अभियान बिना किसी बड़े व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जीडीए अधिकारियों के अनुसार, संबंधित निर्माणकताओं को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमों के अनुरूप निर्माण कार्य करने या अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। तय समयावधि में संतोषजनक जवाब न मिलने और निर्माण कार्य जारी रहने के कारण यह सख्त कदम उठाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मास्टर प्लान और भवन निर्माण मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, मेट सहित प्रवर्तन टीम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा स्थानीय पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल ने पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा की कमान संभाली। कार्रवाई के दौरान भारी मशीनरी और आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया गया।

# 100 युवाओं को मिला ऋण, ब्याजमुक्त ऋण व अनुदान से उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक गाजियाबाद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी भवन, लोहिया नगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत मेगा ऋण कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उद्योग एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गाजियाबाद के उपायुक्त आशुतोष सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष मिश्रा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में योजना के अंतर्गत 100 युवाओं को ऋण वितरित किया गया। एसबीआई को आवंटित 390 के लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 360 आवेदकों को ऋण वितरित किया जा चुका है, जिससे जनपद के सीएम डैशबोर्ड में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के तहत नए स्टार्टअप एवं सूक्ष्म उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने के लिए चार वर्ष तक ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है तथा 10 प्रतिशत, 12 प्रतिशत' एवं 15 प्रतिशत तक अनुदान भी प्रदान किया जाता है। इसका लक्ष्य प्रतिवर्ष लगभग एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि जनपद को आवंटित 2000 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक लगभग 75 प्रतिशत यानी 1500 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जा चुका है। ऋण वितरण में त्वरित कार्यवाही एवं लक्ष्य पूर्ति के निकट पहुंचने पर क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार, महाप्रबंधक एसवीएस नागेंद्र कुमार, जिला समन्वयक संजीव कुमार झा सहित एसबीआई टीम को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी शासन की योजनाओं में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई।

> एसबीआई के महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य मार्च तक हर हाल में पूर्ण किया जाएगा तथा आगामी योजनाओं में और बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्य महार्प्रबंधक देवाशीष मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार सृजन को गति मिलेगी तथा बैंक पूर्ण सहयोग प्रदान करता रहेगा। उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ही एसबीआई द्वारा लगभग 120 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया है, जिससे जनपद की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# चार दिवसीय उत्तरी क्षेत्र ढही संरचना खोज एवं बचाव प्रतियोगिता सम्पन्न



वेलकम इंडिया

गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 8वीं वाहिनी परिसर में 23 फरवरी से 26 फरवरी (गुरुवार) तक चार दिवसीय उत्तरी क्षेत्र ढही संरचना खोज एवं बचाव प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन उत्तर क्षेत्र मुख्यालय एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक गंभीर सिंह चौहान तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी, आईपीएस द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में सात राज्यों की आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागी राज्यों में हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब तथा दिल्ली की राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल टीमें शामिल रहीं। कुल 171 प्रतिभागियों ने विभिन्न आपदा परिदृश्यों पर आधारित व्यावहारिक और तकनीकी प्रतिस्पधाओं में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आठ प्रशिक्षित श्वान दस्ते भी शामिल रहे, जिन्होंने मलबे में फंसे लोगों की खोज एवं बचाव अभ्यास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन अभ्यासों के माध्यम से वास्तविक आपदा स्थितियों में त्वरित खोज एवं राहत कार्य की क्षमता का परीक्षण किया गया।

# जिला श्रम बंधु समिति की बैठक में शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला श्रम बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन सहायक श्रम आयुक्त विनीता सिंह द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से किया गया। बैठक में नगर निगम, आवास विकास, लोक निर्माण विभाग सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों का ठेकेदारों के सहयोग से अनिवार्य पंजीयन कराया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि ठेकेदार एवं बिल्डर श्रमिकों को नियोजन से पूर्व उनका पंजीकरण कराएं, ताकि श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिल सके। सहायक श्रम आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 6400 अधिष्ठान पंजीयन एवं 8792 श्रमिक पंजीयन होने की जानकारी दी। उन्होंने उपकर पोर्टल पर ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया तथा लक्ष्य के सापेक्ष 70 प्रतिशत उपकर संग्रहण की स्थिति से भी अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष ने सभी विभागों को समयबद्ध उपकर संग्रहण कर श्रम विभाग को सूचना उपलब्ध कराने तथा निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उपलब्ध कराई गई गूगल शीट पर अद्यतन प्रगति विवरण दर्ज करने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से श्रमिक पंजीयन में सहयोग करने का अनुरोध किया गया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने पंजीकृत ठेकेदारों को बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की योजनाओं के प्रति जागरूक करें और शत-प्रतिशत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। साथ ही उपकर की धनराशि समय से बोर्ड के खाते में जमा कराई जाए।

# पूज्य स्वामी यशवीर जी ने एकजुट कौशांबी के सैकड़ो हिंदुओ को दिलवाया जात पात से विदाई का प्रण

(सुमित सोरेन)




**गाजियाबाद** रविवार का दिन कौशांबी के इतिहास का अभी तक का सबसे यादगार दिन रहा जब कौशांबी सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में कौशांबी का हिंदू समाज जुटा. इस अवसर पर कौशांबी के स्थानीय निवासियों द्वारा हिंदू एकता मंच (कौशांबी) के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंच संचालक वरुण शर्मा ने बताया की इस अवसर पर लगभग 700 से अधिक कौशांबी वासी उपस्तिथ रहे और कौशांबी के हिंदू बच्चो और बड़ों द्वारा अनेकों सांस्कृतिक व देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. बच्चों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना,लव जिहाद, नवदुर्गा स्वरूप के कार्यक्रम प्रस्तुत किये. कला स्तुति द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने एकल गीत और पियानो पर संगीतमय भजन प्रस्तुत किये तो कौशांबी वासी मधु गुप्ता और प्रतिभा त्यागी ने सामूहिक वंदे मातरम और कौशांबी पार्क ग्रुप हनुमान चालीसा का गान किया. समाज के बंधुओ प्रेम जोगिया मुदित दीक्षित ने देश भक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किये. इसके पश्चात विख्यात राष्ट्रकवि दुर्गेश कुमार अवस्थी ने अपनी वीर रस की कविताओं से माहौल को एकदम जोश से भर दिया. कार्यक्रम में तीन वक्ताओं का उद्बोधन भी रहा. सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक रोहित जी जिन्होंने संघ की 100 वर्ष की यात्रा का विषय रखा. फिर मुजफ्फरनगर स्थित योग साधना आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर जी महाराज ने हिंदू समाज के आगे आई हुई चुनैतियो को रखा और उनसे बचने के लिए आपसी मतभेद भुला कर देश और धर्म के लिए एकजुट होने की शपथ दिलाई. तीसरे वक्ता रहे वैशाली महानगर के माननीय महानगर संघचालक मक्खन लाल शर्मा जिन्होंने जलवायु परिवर्तन की आगामी चुनैतियो को और पंच परिवर्तन के विषय को सबके सामने रखा. तीनो वक्ताओं के विषय को उपस्तिथ जनमानस ने बेहद सराहा और तालियों से अभिवादन किया. इस आयोजन में सुधीश अग्रवाल, वरुण शर्मा, अशोक परवाल, अशोक गौतम, संदीप गुप्ता, आलोक माथुर, सौरभ गुप्ता, सुशील सिंह,सतीश रस्तोगी, सरोज वर्मा, ओंकार शर्मा,संगीता श्रीवास्तव, डॉ आचार्या कृति शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. सभी वक्ताओ, अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया समाज की ओर से आरके गुप्ता, मधु गुप्ता,मुकेश गौतम,राज शर्मा,गौरव स्वामी,कमल पांडे, एम एल कटारिया, संजय मित्तल, आर के चोपड़ा, ड्हअ महासचिव शोभा रानी बरनवाल, शिव भारद्वाज, रीना श्रीवास्तव,पंडित राजमन पान्डे, देवमन पान्डे, एन के खुराना, प्रवेश गुलाटी, सुमित कश्यप, अतुल बंसल, सुनीता परवाल,आईपी गुलाटी, नकुल सिंह, ज्योतिराज सिंह, राजवीर सिंह, पुष्पा गौतम,अंशुल विजय वर्गीय, किरण वर्गीय, योगेश सोलंकी, शालिनी सोलंकी, अलका सहगल, रवि सहगल, पूनम साहनी, सुधा, रामप्रवेश, कविता पांडे, प्रोफेसर मीनू अग्रवाल, शशि भूषण भारद्वाज, बिना भारद्वाज, मनीष मिश्रा, सुनीता मिश्रा, संजय शर्मा, सीमा शर्मा, अमित झा, संजय जैन, सुनीता जैन,मदन अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनील मार्कन, आशा मरकंद, नीता जैन,राकेश स्वामी,अनिल अग्रवाल, रविता अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल,रश्मि स्वामी, दीप्ति स्वामी,विजय गांधी, अनिल सारस्वत, प्रद्युम्न कपूर, रितु कपूर,अजय शर्मा, ओ पी शर्मा,मनीष गोयल, दीपक गुप्ता,राजवीर सिंह, कमलेश सिंह,मंजु कपूर, राकेश कुमार, रीमा कुमार, मनीष कुमार, गुंजन शर्मा, संगीता शर्मा, जगदीश कलावतिया, लक्ष्मीकांत चानना, दीपक गुप्ता ,सतीश गुप्ता, नरेश कोहली, विपिन जैन, हिरदेश अग्रवाल,अजय गुप्ता, विजय खन्ना,पंडित ओमप्रकाश शिवम,केवल सेठी,आर के धर, संजय, सांची सिंह,आशा शर्मा, उर्मिल अरोड़ा,किरण सिंह, संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह,किरण प्रसाद, किरण दुआ,ध्रुव शर्मा,जगमोहन शर्मा, चंद्रपाल सिंह,मुकेश शर्मा, सुशील चावला,कीर्ति चोपड़ा,सोनल गुटगुटिया, शीशपाल, ध्रुव परवाल,शुचि परवाल,अभय गुप्ता, अमन गुप्ता, अंशु गुप्ता,शैली गुप्ता,अविनाश शर्मा,संगीता शर्मा,मंजु गुप्ता, नेहा गुप्ता,अनीता गोगीया, प्रभा सिंह नीरा गुप्ता,पवन गुप्ता, राकेश,नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों ने भाग लिया और आयोजन समिति से जल्दी ही ऐसा कार्यक्रम फिर से करने की अपील करते हुए आशीर्वाद दिया. कार्यक्रम के पश्चात सभी नने भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया